वैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 26 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 155, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार



# टेकव्योम में विद्यार्थी दिखाएंगे कौशल

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में तकनीकी वार्षिक उत्सव टेकव्योम का आयोजन शनिवार को होगा। एसआरएमएस सीईटी के डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों के टायरो क्लब की ओर से आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल में 32 कार्यक्रम होंगे। कोड हंट से सुबह 8.30 बजे शुरू होने वाले टेकव्योम का समापन शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण से होगा। सुबह 10.30 बजे संस्थान के शतिक सभागार में इसका उद्घाटन श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति करेंगे। इसमें विद्यार्थी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। टेक्निकल फेस्टिवल की थीम एआई ड्रिवेन इंडिया 4 आई (इन्नोवेशन, इक्यूवेशन, इंक्लूजन और इम्पैक्ट) रखी गई है। कार्यक्रम में एसआरएमएस ट्रस्ट के सभी इंजीनियरिंग कालेजों के छह सौ से ज्यादा विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।